## एक नजर

### एसपी ने टीम के साथ स्टेशन पर की सघन चेकिंग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एसपी राकेश द्विवेदी ने टीम के साथ स्टेशन परिसर में चेकिंग की और संदिग्ध सामानों की तलाशी ली। एसपी राजेश द्विवेदी सदर बाजार थाना टीम के साथ मंगलवार की शाम सात बजे स्टेशन परिसर में पहुंचे। उन्होंने प्लेटफार्म एक, दो और तीन पर सघन चेकिंग की। पुलिस टीम संग्दिध सामानों की चेकिंग की और स्टेशन पर परिसर में घूम रहे संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। पार्सल घर में जाकर कर्मचारियों से पूछा कि सामान बुक करने से पहले जानकारी कर लेते है कि क्या सामान बुक है। स्टेशन परिसर में संदिग्ध वस्तु दिखायी दे तो आरपीएफ और जीआरपी को सूचना दे। चेकिंग के समय सदर बाजार थाना, जीआरपी व आरपीएफ स्टाफ मौजूद रहा।

### हैंडपंप रिबोर मामले की 12 जून को होगी जांच

**शाहजहांपुर।** ब्लाक जैतीपुर क्षेत्र की 53 ग्राम पंचायतों में वर्ष 2022 और 2023 में विभिन्न तिथियों में कराए गए थे हैंडपंप रिबोर मामले की जांच 12 जून को होगी। मामले की जानकारी देते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम ने बताया कि इसके लिए ग्राम पंचायत अधिकारियों को जांच के लिए निर्धारित तिथि पर पूर्वान्ह 11 बजे जैतीपुर ब्लाक सभागार में समस्त अभिलेखों सहित पहुंचना होगा। इसमें सहायक विकास अधिकारी, अवर अभियंता, तकनीकी सहायकों को भी उपस्थित रहना होगा। हैंडपंप रिबोर मामले की शिकायत बंडा के गांव धर्मापुर निवासी रामप्रवेश शुक्ला ने शिकायत की थी।

### बाल्मीकि बस्ती पर बुलडोजर चलाना अन्याय

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** 2 जून को सुल्तानपुर के ट्रांसपोर्ट नगर में बाल्मीकि बस्ती प्रशासन द्वारा उजाड़े जाने के विरोध कांग्रेस ने किया है। उन्होंने उनके पुनर्वास की मांग की है। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने मीडिया से वार्ता के दौरान कहा कि सरकार को उनको आवास देना चाहिए। महिला जिलाध्यक्ष ने कहा कि अगर भाजपा सरकार उनको रहने के लिए घर नहीं दिलवाती है तो कांग्रेस के साथ वाल्मीकि समाज इसका विरोध करेगा और आंदोलन करेगा। वह पीड़ित लोगों से मिलने जाएंगी। महानगर अध्यक्ष सीमा गौतम ने कहा महिलाओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



खुद अतिक्रमण हटाते दुकानदार। ● अमृत विचार



कार्रवाई के दौरान मौजूद सेना के जवान। ● अमृत विचार

# रोडवेज बस स्टैंड के सामने दुकानों पर चला बुलडोजर

## सेना ने खाली कराई अपनी जमीन, दुकानदारों की पुलिस से हुई नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



खुले में पड़ा दुकानदारों का सामान। ● अमृत विचार



बुलडोजर से हटाया जा रहा अतिक्रमण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रोडवेज बस स्टैंड के सामने कैंट की जमीन पर टीनशेड डालकर बनाई गई दुकानों पर मंगलवार को बुलडोजर चला दिया गया। सेना और पुलिस के सहयोग से की जा रही कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों की पुलिस से नोंकझोक हो गई, जब सेना के जवान आगे बढ़े तब विरोध करने वाले पीछे खिसक लिए। कैंट की जमीन पर रोड किनारे वर्षो से टीनशेड डालकर कर दुकानदार व्यापार रहे थे, रोडवेज के सामने इन्हीं दुकानों की वजह से बना अतिक्रमण भी बना हुआ था, इससे आए दिन जाम की स्थिति बन जाती थी।

रोडवेज बस अड्डे के सामने कैंट क्षेत्र की जमीन काफी समय से खाली पड़ी है। इस जमीन पर कुछ दुकानदारों ने पक्की दीवारें खड़ी करके टीनशेड डालकर कब्जा कर लिया कुछ ऐसे भी दुकानदार हैं, जिन्होंने लकड़ी व लोहे का खोखा रखकर अस्थायी अतिक्रमण कर रखा है, जिसमें चाट-पकौड़ी, चाय आदि यह लोग अपना व्यापार चलाते हैं, बस अड्डे के सामने होने के कारण यहां पर दुकानों की भरमार के साथ ही तमाम लोगों ने फलों के ठेले भी लगाकर रोड किनारे अस्थायी

- **कैंट की जमीन पर रोड किनारे वर्षो से टीनशेड डालकर कर रहे थे व्यापार**
- **रोडवेज के सामने इन्हीं दुकानों की वजह से बना हुआ था अतिक्रमण**

तौर पर कब्जा कर रखा था। इन दुकानदारों ने कैंट की जमीन के साथ ही रोड के किनारे की जमीन को भी कब्जे में कर रखा था, जिससे दिल्ली-पलिया नेशनल हाईवे संकरा हो गया था और यहां पर बस स्टैंड के अंदर बसें निकलने और बस स्टैंड के अंदर बसें जाने के दौरान जगह नहीं बचती थी और जाम की स्थिति बन जाती थी।

बताया जा रहा है कि अस्थाई रूप से काबिज कुछ दुकानदार कोर्ट की शरण में भी थे, कोर्ट से जमीन खाली



कार्रवाई के दौरान मौजूद पुलिस बल। ● अमृत विचार

कराने का फैसला आने के बाद मंगलवार को सेना के रक्षा संपदा विभाग बरेली की टीम शाहजहांपुर पहुंची। स्थानीय सदर बाजार पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सेना के जवान और भारी संख्या में पुलिस बल को देखकर अधिकतर दुकानदार अपना ठेला हटाकर जाने लगे। वहीं, दुकान लगाने वाली एक-दो महिलाओं ने विरोध का प्रयास किया तो महिला कांस्टेबल ने पकड़कर किनारे कर दिया। कुछ लोगों की पुलिस से नोकझोंक भी हो गई। सेना के जवानों ने मोर्चा संभाला तो वह पीछे हट गए। इसके बाद जेसीबी से अस्थाई दुकानों को ढहा दिया गया और जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया गया।

### सेना की जमीन पर 40 वर्ष से अधिक समय से था अतिक्रमणकारियों का कब्जा

रोडवेज बस स्टैंड के सामने कैंट की बेशकीमती खाली पड़ी जमीन 40 वर्ष से अधिक समय से अतिक्रमणकारियों का कब्जा था, चूंकि रोडवेज बस स्टैंड पर हर वक्त यात्रियों का आना-जाना होता है, इसलिए अतिक्रमणकारियों का व्यापार भी बेहतर चल रहा था, इसलिए यह लोग किसी कीमत पर जमीन को खाली नहीं करना चाहते थे। मंगलवार को जमीन खाली करनी पड़ गई।

### खानपान की सुविधा तो थी, पर ट्रैफिक व्यवस्था में बने हुए थे बाधक, जाम में फंसते थे राहगीर

रोडवेज बस स्टैंड के सामने कैंट की जमीन पर व्यापार कर रहे इन दुकानों की वजह से मुसाफिरों को खानपान की सुविधा तो थी, लेकिन यह दुकानदार ट्रैफिक व्यवस्था में भी बाधक बने हुए थे, इन दुकानदारों ने रोड के किनारे बिल्कुल सटाकर दुकानें लगा रखीं थीं, दुकान के सामने वाहन खड़ा करने भर की जगह नहीं बचती थी, यदि कोई निजी वाहन से आकर सामान खरीदने के लिए रुकता है, तो जाम की स्थिति बन जाती थी।

## बसें सैटेलाइट बरेली न जाने पर यात्रियों को दिक्कत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** स्थानीय रोडवेज डिपो की दिल्ली जाने वाली निगम की बसें बरेली सेटेलाइट बस अड्डे पर न जाकर फोरलेन से सीधे दिल्ली के लिए निकल जाती है। चालक व परिचालक अपना नियम चलाते है। इस संबंध यात्रियों ने आरएम और एआरएम से शिकायत की है।

सदर बाजार क्षेत्र में कचहरी के अधिवक्ता संजय मिश्रा ने क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम परिक्षेत्र हरदोई को भेजे गए पत्र में बताया कि सांयकाल अधिकांश लोकल बसों का संचालन बंद होने से देर शाम शाहजहांपुर डिपो, लखीमपुर डिपो आदि की दिल्ली जाने वाली बसें संचालित होती है। निगम की बसें बरेली सेटेलाइट बस अड्डे पर न जाकर फोरलेन से सीधी रामपुर, मुरादाबाद के लिए निकल जाती है। चालक व परिचालक बरेली की सवारियां बसों में नहीं बैठाते है। जो सवारियां बरेली की होती है, उनको फोरलेन पर उतार देते है। उन्होंने कहा कि सेटेलाइट पर बसें न जाने से यात्रियों को दिक्कत होती है। उन्होंने मांग की है कि बसें सेटेलाइट तक जाएं। डिपो प्रभारी विनोद मिश्रा ने बताया कि अब जो चालक बसों को सेटेलाइट पर नहीं ले जाएगा, उसके वेतन से कटौती की जाएगी।

### बाइक सवार दंपति घायल

**तिलहर।** बाइक से जा रहे दंपति को ई रिक्शा ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। सीएचसी से प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थाना कटरा क्षेत्र के गांव उखड़ी निवासी गुडडू पत्नी नीलम घर से बाइक पर काच्यानी खेड़ा हनुमान मंदिर प्रसाद चढ़कर घर जा रहे थे। बाइक रोक कर दोनों लोग भंडारे का शरबत पी रहे रहे थे कि इसी बीच दोपहर 1:30 बजे पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ई रिक्शा ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक चालक गुड्डु व बाइक पर सवार पत्नी नीलम सहित दोनों लोग घायल हो गए। इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया गया।




## वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने काशीराम कॉलोनी में लगाया स्वास्थ्य शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से मंगलवार को शाहजहांपुर की काशीराम कॉलोनी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अतुल मौर्या (समाजसेवक)का विशेष सहयोग रहा। शिविर में 205 मरीजों ने पंजीकरण कराया,जिनमें से 5 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिनका ऑपरेशन रोहिलखण्ड अस्पताल में निशुल्क किया जायेगा। शिविर में सभी मरीजों को निशुल्क आई ड्रॉप एवं दवाइयां वितरित की गई। इस मौके पर चिकित्सकों के द्वारा लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण के लिए जागरूक किया गया व अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया जैसे कि काला मोतियाबिंद



स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे मरीजों की जांच करते व सलाह देते चिकित्सक।

- **शिविर में 205 मरीजों ने कराया पंजीकरण, पांच लोग मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित**

की जांच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आंख के पर्दे की जांच व इलाज, मोतियाबिंद का ऑपरेशन चीरे विधि तथा फेको विधि द्वारा, भेंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा, कंप्यूटर द्वारा चश्मा के नंबर व प्रमाणीकरण व जांच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में उपलब्ध है, जो कि एक वर्ष के लिए मान्य है। कैंप में मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग के चिकित्सक डॉ. रिव्या सिंह, सामान्य रोग के डॉ.कुश पटेल, दंत रोग विभाग के डॉ. पूजा भल्ला, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ. कीर्ति वरदानी नेत्र टेक्नीशियन पैरामेडिकल स्टाफ एवं मेडिकल कॉलेज के एमएसडब्ल्यू जितेन्द्र गंगवार मौजूद रहे।

## विकास प्राधिकरण के खुलेंगे दो खाते

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** नवगठित शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के कार्यों को रफ्तार व शहर का सुसज्जित विकास कराने के लिए अधिकारियों ने कामकाज तेज कर दिया है। प्राधिकरण के दो खाता खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें एक खाता मानचित्र पास कराने व दूसरा खाता परीक्षण शुल्क का होगा।

खाता खुलने के बाद ही मानचित्रों के पास होने का रास्ता खुल जाएगा और जो लोग फरवरी से आवसीय, कामर्शियल निर्माण कार्य के लिए नक्शा पास कराने का इंतजार कर रहे हैं, उनको राहत मिलेगी। साथ ही विकास प्राधिकरण के कामकाजों को गति मिलेगी।

फरवरी में शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का दर्जा मिला था, जिसके बाद से यहां की तस्वीर बदलने की राह आसान होते हुए नजर आ रही है। जब पूरी तरह से प्राधिकरण संचालित होने लगेगा तो अनाधिकृत कालोनियों, अवैध निर्माण कार्य में लगाम लग सकेगी और प्राधिकरण की आय बढ़ेगी।

- **एक खाता मानचित्र स्वीकृति व एक परीक्षण शुल्क जमा कराने के लिए होगा**
- **प्राधिकरण सचिव व सिटी मजिस्ट्रेट ने फाइल डीएम अनुमोदन को भेजी गई**

### नक्शा पास होना शुरु होने पर बढ़ेगी आय

नवगठित शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के संचालन व उसके आय साधन बढ़ाने के लिए खाता खुलने के बाद नक्शा पास होने की प्रक्रिया तेज होगी। इससे विकास प्राधिकरण की आय बढ़ेगी। नई व्यवस्था के लागू होने से लोन लेने के लिए नक्शा पास कराना अनिवार्य हो जाएगा। जब अधिक नक्शा पास होंगे तो विकास शुल्क समेत कई अन्य तरह के शुल्क भी जमा होंगे। इससे प्राधिकरणों की आय बढ़ेगी।

### बगैर नक्शा बैंक नहीं देगी लोन

शहरों में अवैध निर्माण पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सरकार नई व्यवस्था लागू कर रही है। विकास प्राधिकरण की सीमा में मकान बनाने के लिए बैंक से लोन तभी मिलेगा, जब विकास प्राधिकरण से नक्शा पास होगा। अब विकास प्राधिकरणों से नक्शा पास कराए बिना कोई भी बैंक लोन नहीं देंगे।



विकास प्राधिकरण के कामकाजों को गति देने के लिए दो बैंक खातों को खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसकी फाइल डीएम अनुमोदन को भेजी है। जिसके बाद खातों का संचालन शुरू हो जाएगा, इससे मानचित्र, शुल्क बगरैह जमा कराने की कार्यवाही तेज हो जाएगी और जिनके नक्शे नहीं बन पा रहे हैं, उनको सहूलियत होगी। – **प्रवेंद्र कुमार**, सचिव, एसडीए व सिटी मजिस्ट्रेट

## प्लेटफार्म पर ढाई घंटे यात्री बूंद-बूंद पानी को तरसे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में लोग जगह-जगह शरबत और ठंडा पानी पिला रहे हैं, लेकिन रेल प्रशासन रोजाना प्लेटफार्म पर ढाई घंटे पानी बंद कर देता है। जिसके चलते यात्रियों को भटकना पड़ता है। ट्रेन से उतरकर यात्री पानी के लिए इधर-उधर भटकते हैं। पूछताछ कार्यालय से अनाउंस होने के बाद भी पानी की सप्लाई चालू नहीं की जाती है।

मंडलीय अफसरों ने यात्रियों को पानी की कमी नहीं होने देने के निर्देश दिए हैं। प्लेटफार्म एक पर दो शीतल पेयजल, प्लेटफार्म दो व तीन एक और प्लेटफार्म चार व पांच दो शीतल पेयजल बूथ है। प्लेटफार्म चार व पांच पर शीतल पेयजल बूथ आए दिन खराब रहता है। पहले की अपेक्षा शीतल पेयजल की संख्या कम कर दी गयी है। यहां से हजारों की संख्या यात्री सफर करते है। प्लेटफार्म एक पर सुबह साढ़े चार बजे से सात बजे तक अक्सर पानी बंद कर दिया जाता है। मंगलवार

- **सुबह के समय पानी की आपूर्ति कर दी जाती है बंद**
- **अनाउंस होने के बाद भी सुचारू नहीं की जाती सप्लाई**

की सुबह प्लेटफार्म एक पर साढ़े चार बजे पानी बंद कर दिया गया। जनता एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, चंडीगढ़ एक्सप्रेस से यात्री उतरकर बोतल लेकर बूथ पर पानी लेने के लिए नलों की टोटी में पानी न आने से निराश होकर वापस ट्रेन में जाकर बैठ जाते थे। कई यात्री पानी के लिए प्लेटफार्म पर इधर-उधर भटकते रहे है। लखनऊ, हावड़ा, बाराबंकी जा रहे यात्री विनोद कुमार, सुनील कुमार, शिवम, पुष्पा रानी ने पूछताछ कार्यालय पर जाकर ड्यूटी पर तैनात बाबू से कहा कि प्लेटफार्म एक पर बूथ में पानी नहीं आ रहा है। पूछताछ कार्यालय पर तैनात बाबू ने कई बार एनाउंस किया कि वालमैन प्लेटफार्म एक का पानी खोले, लेकिन पानी की सप्लाई नहीं चालू की गयी। यात्रियों ने रेलवे के अधिकारियों से फोन पर शिकायत की, नलों की टोटी में पानी नहीं आ रहा था। अधिकारियों के निर्देश के बाद सुबह सात पानी की सप्लाई चालू हुई। रेल कर्मचारियों और यात्रियों ने बताया कि रोजाना सुबह के समय पानी की सप्लाई हमेशा बंद कर दी जाती है।



पेयजल की आस में टंकी के पास खड़ा युवक। ● अमृत विचार

### लघुशंका के लिए दिक्कत

प्लेटफार्म एक पर प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय, महिला प्रतीक्षालय, यात्री रिटायरिंग रूम बना है। पानी की सप्लाई बंद होने यहां पर शौचालय में पानी नलों की टोटी में नहीं आती है। यात्री मजबूरन पानी बोतल लेकर शौचालय में जाते है। यात्रियों को काफी दिक्कत होती है। कुछ यात्रियों ने आरोप लगाया कि बालमैन बेंडरों से मिलकर जानबूझकर पानी की सप्लाई बंद कर देते है।

संबंधित विभाग के अधिकारी को मेमो दिया गया है कि भीषण गर्मी को लेकर प्लेटफार्म की सप्लाई बराबर चालू होनी चाहिए और शीतल पेयजल ठीक रहने चाहिए। यात्रियों को पानी की किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। – **एसके ठाकुर**, सीएमआइ

## एसएस कॉलेज का दल काठमांडू रवाना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** एसएस कॉलेज के कॉमर्स विभाग की ओर से मॉडल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी काठमांडू नेपाल में 12-13 जून को अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार के आयोजन के लिए मंगलवार को कॉलेज से 32 शिक्षकों का दल रवाना हुआ।

शिक्षकों के समूह में बरेली कॉलेज बरेली, साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली, गोकुलदास हिंदू कन्या महाविद्यालय मुरादाबाद, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर, सी वी रमन विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ आदि के शिक्षक भी शामिल हैं। शिक्षक समूह को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि जनपद में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों

- **12-13 जून को अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन**
- **मंगलवार को कॉलेज से 32 शिक्षकों का दल हुआ रवाना**

का आयोजन की परंपरा एसएस कॉलेज ने डाली थी। विगत कुछ वर्षों में महाविद्यालय विदेशों में भी सेमिनार का आयोजन कर रहा है। स्वामी चिन्मयानंद ने सभी शिक्षकों को सेमिनार का स्मृति चिन्ह भेंट किया और सेमिनार के आयोजक प्रो. अनुराग अग्रवाल, डा. आलोक सिंह को सुरक्षित व सफल आयोजन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके आजाद ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। शिक्षकों का दल दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन के अलावा काठमांडू के अनेक महाविद्यालयों का भ्रमण भी करेगा और 15 जून को वापस लौटेगा।




# 3.5 लाख वाहनों में नहीं लगी एचएसआरपी

## अफसर बने लापरवाह, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के बिना वाहन चलाना अवैध, पांच हजार है जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी) के वाहन फर्राटा भर रहे हैं। वाहनों की सुरक्षा, वाहन चोरी कम करने और वाहन की पहचान मानकीकृत करने के लिए एचएसआरपी लागू कराने की जिम्मेदारी एआरटीओ को दी गई है, लेकिन विभाग इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहा है। कुल छह लाख वाहन पंजीकृत हैं, जिनमें से लगभग ढाई लाख में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगी है।

सड़कों पर दो व चार पहिया वाहन बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के ही फर्राटा भर रहे हैं। वाहनों में नंबर प्लेट लगवाने की तय मियाद खत्म हो जाने के बावजूद सड़कों पर दौड़ रहे सरकारी व निजी वाहन चालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। रोकथाम की जिम्मेदारी संभालने वाले परिवहन विभाग के अधिकारियों के वाहन


पुरानी नंबर प्लेट के पुराने जिला अस्पताल रोड पर दौड़ती बाइक।

- **जिले में दर्ज है छह लाख चार और दुपहिया वाहन**

भी बिना एचएसआरपी के दौड़ते देखे जा सकते हैं। शहर के प्रमुख चौराहों पर बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगे वाहन दौड़ रहे हैं। इनमें निजी वाहन ही नहीं, सरकारी विभागों की गाड़ियां और पुलिस वाहन तक शामिल है। डायल 112, विकास भवन से निकलते अधिकारी और कई पुलिसकर्मी


एसपी ऑफिस रोड पर बिना एचएसआरपी के जाती बाइक।

> वाहन स्वामियों को एचएसआरपी का प्रयोग करना चाहिए, लेकिन वह ऐसा नहीं कर रहे हैं। इस दिशा में जरूरी कदम उठाए जाएंगे।
>
> – शांति भूषण पांडेय, एआरटीओ

गाड़ियां बिना एचएसआरपी के फर्राटा भरती देखी जा सकती हैं। इसकी निगरानी से जुड़े पुलिस व परिवहन विभाग के जिम्मेदार इसके अनुपालन को लेकर उदासीन बने हैं। स्थादुकानदारों का कहना है कि कई बार पुलिसकर्मी खुद बिना एचएसआरपी के गाड़ी लेकर निकलते हैं और आम जनता को चालान थमा देते हैं।


कचहरी रोड पर बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट दौड़ती एक बाइक।

### इसलिए जरूरी है एचएसआरपी

- सड़क सुरक्षा के उच्च मानकों को पूरा करने में सहायक
- फर्जी नंबर प्लेट रोकथाम में मददगार
- वाहन की पहचान आसान
- चोरी के मामलों में ट्रैकिंग में सुविधा
- **2019 के बाद पंजीकृत वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का निर्देश हैं**

### एचएसआरपी न लगवाने पर सजा क्या होगी ?

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार सभी वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट अनिवार्य कर दी गयी है , यानी हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट का सभी वाहनों में लगा होना अनिवार्य है कोई व्यक्ति इस नियम का पालन नहीं करता है तोउसे दण्डित किया जायेगा :- मोटर वाहन अधिनियम की धारा 177 और केंद्रीय मोटर वाहन नियम 50 के अंतर्गत दंडनीय होगा । इसके तहत पहले अपराध पर 5000 रुपये जुर्माना से दण्डित किया जायेगा। नंबर प्लेट नहीं लगाने पर दोबारा पकड़े जाने पर 10000 रुपये जुर्माने का प्रावधान है।

# प्रधान पति सहित 28 पर जमीन कब्जाने की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार :**ग्राम पंचायत याकूबपुर के प्रधान पति राजीव बाबू शर्मा सहित आठ नामजद पर रिपोर्ट लिखाई गई है।

पीड़ित का कहना है आरोपी नवीन बाबू शर्मा के पास से फर्जी आधार कार्ड बनाने की मशीन, कई सचिवों व छह स्कूलों की फर्जी मोहरें, एक बिना रजिस्ट्रेशन की कार बरामद हुई थी। जिसे गढ़िया रंगीन पुलिस ने कब्जे में लिया था, लेकिन दबंगई कम नहीं हुई। जिस कारण फिर एक बार ऐसी घटना को अंजाम दिया। जलालाबाद की ग्राम पंचायत याकूबपुर प्रधान पति राजीव बाबू शर्मा ने अपने भाइयों, चाचा व साथियों समेत शनिवार रात एक बजे अवैध तमंचा लहराते हुए कब्जा करने की नीयत से निर्माणाधीन करीब 250 फीट लंबी और छह फीट ऊंची दीवार को ढहा दिया। सूचना पाकर भाईयों के साथ मौके पर पहुंचे जमीन स्वामी ने विरोध किया तो हवा में फायर कर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी फरार हो गए। याकूबपुर निवासी सचिन शर्मा पुत्र अशोक शर्मा ने तहरीर देकर बताया कि वह गांव नगरिया बुजुर्ग में स्थित जमीन के 1/4 भाग के सहखातेदार हैं। सात जून की रात एक बजे राजीव बाबू शर्मा, नवीन बाबू शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, नरेंद्र कुमार, विशाल शर्मा, अंकित, आदेश, विमल निवासी ग्राम याकूबपुर व 20 अन्य लोगों के साथ आए और निर्माणाधीन दीवार को गिरा दिया। पीड़ित के चाचा के लड़के चित्रांशु पुत्र दिलीप व ज्ञानेंद्र पुत्र दिलीप मौके पर मौजूद थे। लोगों को पीड़ित के चाचा के लड़कों ने ललकारा।

इस पर राजीव ने तमंचा तान दिया। पीड़ित के चचेरे भाई अकेले होने कारण मौके से भाग गए। सभी आरोपी लाठी-डंडों व नाजायज असलहों से लैस थे सभी ने पीड़ित के पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी और जमीन पर अवैध कब्जा करने को कहा।

## एक नजर

### रिटायर कर्मचारी का वीडियो वायरल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्थानीय परिवहन निगम के डिपो के एक रिटायरमेंट कर्मचारी का वीडियो वायरल हो रहा है कि वह कार्यालय में बैठकर काम कर रहा है। यह वीडियो वायरल मंगलवार की दोपहर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। अधिकारियों ने संज्ञान में लिया। डिपो प्रभारी विनोद मिश्रा ने बताया कि रिटायरमेंट कर्मचारी से अन्य कर्मचारी मार्गदर्शन ले रहे है।

### महिला को किया घायल

**शाहजहांपुर।** गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के गांव रामनगर मढ़इया निवासी रेखा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 07 जून की शाम छह बजे उसके घर पर कोई नहीं था। उसकी 10 वर्षीय पुत्री काजल घर के बाहर खेल रही थी। गांव के मगरेश के बेटे से उसकी पुत्री का झगड़ा हो गया। उसने जाकर बचाया। आरोप है कि मगरेश व उसकी पत्नी भगवान देवी ने रेखा को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### युवक को किया घायल

**शाहजहांपुर।** जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा रठ निवासी गुड्डू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोमवार की रात नौ बजे खाना खाते समय उसका पत्नी मंजू से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि उसका भाई बब्लू आया और गुड्डू को पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**सेहरामऊ दक्षिणी।** थाना के उप निरीक्षक अजय वर्मा ने बताया कि अभियुक्त राम सहाय, आलोक और रामसिंह निवासी सिगरहा थाना सेहरामऊ दक्षिणी के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने मंगलवार की सुबह अलग-अलग स्थानों से तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक विपिन गौतम आदि थे। पुलिस ने क्षेत्र के वारंटियों के खिलाफ अभियान छेड़ा है।

# बच्चों को पीटने वाली केयर टेकर पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **राजकीय बाल गृह में बच्चों के पीटने का वीडियो वायरल हुआ**
- **सीडीओ ने की थी मामले की जांच ,मिली दोषी,**

**अमृत विचार:** राजकीय बाल शिशु गृह में केयरटेकर के बच्चों की पिटाई करने के वीडियो वायरल होने के बाद अधिकारियों ने संज्ञान में लिया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जिला बाल संरक्षण इकाई की सामाजिक कार्यकर्ता पूनम गंगवार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बता दे कि चौक कोतवाली क्षेत्र में नवादा इंदेपुर में स्थित राजकीय बाल शिशु गृह में बच्चों की पिटाई करते हुए केयर टेकर पूनम गंगवार का रविवार का वीडियो वायरल हुआ था। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मामले की जांच सीडीओ डा अपराजिता सिंह को सौपी थी। सोमवार को सीडीओ ने राजकीय बाल गृह में जाकर संबंधित लोगों के बयान लिए थे। डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। उन्होंने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा राजकीय बाल गृह में संबद्धता अवधि के दौरान बच्चों से क्रूर व्यवहार किया गया।

वायरल वीडियो में पूनम बच्चों को थप्पड़ एवं डंडे से मारा पीटा गया यह आपराधिक कृत्य है। 9 जून को सीडीओ ने राजकीय बाल गृह एव वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया था। उन्होंने पूनम गंगवार के बयान लिए थे। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी सिंह ने बताया कि पूनम के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# मारपीट में महिला समेत तीन घायल

**कलान, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव गंगोरा के मजरा गंगुरिया निवासी उमेश सक्सेना के घर पर सोमवार रात बरात थी, जिसमें रिश्तेदार आए हुए थे, जब नई नवेली दुल्हन गांव में उतर रही थी, उसी समय बरात में आए दो रिश्तेदारों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

मामले में लोग कुछ समझ पाते इससे पहले देखते ही देखते लाठी डंडा एवं लोहे की फुंकनी निकल आई और जमकर मारपीट होने लगी। लोग इधर उधर भागने लगे मारपीट में गगुरिया निवासी अनीता पत्नी उमेश सक्सेना, उसके भाई वागेश, जगदीश निवासी डोलापुर और बदायूं के थाना अलापुर के गांव दारानगर(सखानू) घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद अनीता ने थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# तीन शातिर गिरफ्तार , चोरियों का खुलासा

संवाददाता, खुटार

- **तलाशी के दौरान 21770 रुपये की नगदी के साथ ही सोने चांदी के आभूषण बरामद**
- **जिले के अलग-अलग थाना में 27 मुकदमे दर्ज, पकड़े गए लोगों में एक हरदोई निवासी**

**अमृत विचार:** पुलिस टीम ने मंगलवार तड़के वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लोगों के पास से नगदी और सोने-चांदी के आभूषण बरामद हुए हैं। चोरों ने चोरी की कई घटनाओं को कबूल किया है।

मंगलवार को मैलानी रोड पर बाबा चौराहे पर चेकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा है।

पुलिस ने पकड़े गए तीनों बाइक सवारो से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उनके नाम झंडू उर्फ राजेश पुत्र विश्राम निवासी चाहरपुर थाना मदनापुर , छोटे लल्ला पुत्र छुटकन्नू निवासी ग्राम लखनौर, थाना पचदेवरा, जिला हरदोई, गुड्डू पुत्र खुलासी निवासी बाल्मीकि बस्ती, थाना मदनापुर, बताया। बाइक सवारों की तलाशी में उनके पास से 21 हजार 770 रुपये की नकदी कुछ


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। • अमृत विचार

सोने और चांदी के आभूषण बरामद हुए खुटार थाना क्षेत्र में की गई चोरी में दो अदद तगड़ी, तीन जोड़ी पायल, व एक जोड़ी कुंडल, एक मांग टीका पीली धातु व एक बाइक, खुदागंज थाने में दर्ज मुकदमे से संबंधित दो जोड़ी पायल भी बरामद हुई। उन्होंने बताया कि 25 मार्च 2025 को उन्होंने तिकुनिया चौराहे पर रहने वाले राधेश्याम देवल के घर के ताले तोड़कर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। 30 मई की रात नकब लगाकर चांदपुर में आकाश कुमार उसके चचेरे भाई विपिन कुमार के घर लाख रुपये की नगदी के साथ ही लाखों रुपये की कीमत के सोने चांदी के आभूषण चोरी करने की बात कबूल की। खुदागंज और बरेली के थाना भुता में भी चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने तीनों चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। चोरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार रावत, दरोगा सोहनलाल, अनुज चौधरी, कांस्टेबल हरिओम सिंह, जॉनी सिंह, सिकंदर सिंह मलिक, प्रवीण कुमार शामिल रहे।

### झंडू पर 18 छोटे लल्ला पर दर्ज है 6 मुकदमे

चोरी के आरोप में पकड़े गए झंडू उर्फ राजेश पर जिले के विभिन्न थानों में कुल 18 मुकदमे दर्ज है। जिसमें जलालाबाद में एक, कांट में चार, खुटार में चार, पुवायां में दो, निगोही में तीन, मदनपुर में दो, खुदागंज में एक, परौर थाने में एक मुकदमा दर्ज हैं। इसी तरह छोटे लल्ला पर खुटार में दो, मदनापुर में दो, कांट में एक, खुदागंज में एक मुकदमा दर्ज है, इसी तरह गुड्डू के खिलाफ खुटार थाने में दो व खुदागंज थाने में एक मुकदमा चोरी का दर्ज है।

# एसपी बनी छात्रा ने दंपती विवाद सुलझाया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** एक अनूठी पहल के तहत कक्षा 12वीं की मेधावी छात्रा त्रिगुणा ख्याति को एक दिन का एसपी बनाया गया है। छात्रा के सामने पति-पत्नी का विवाद का मामला आया। दोनों की समस्या सुनने के बाद समझौता कराया। एक मामला छेड़छाड़ का आया और थाना प्रभारी को वैधानिक कार्रवाई के आदेश दिए।

एसपी राजेश द्विवेदी ने होली एंजिल्स स्कूल की छात्रा त्रिगुणा ख्याती को एक दिन के लिए एसपी बनाया और एसपी की सीट पर बैठाया। छात्रा ने दर्ज फरियादियों की शिकायतों को सूना। उसके सामने पति-पत्नी का विवाद मामला आया। महिला की समस्या सुनने के बाद त्रिगुणा ने संबंधित थाना को निर्देश देकर उसके पति


महिला की शिकायत सुनती एक दिन की एसपी बनी छात्रा त्रिगुणा ख्याति।

- **छेड़छाड़ के मामले थाना प्रभारी को दिए निर्देश, होली एंजिल्स स्कूल की थी छात्रा**

को एसपी कार्यालय में बुलवाया। दोनों पक्षों की बात सुनकर उन्होंने विवाद का समाधान किया और दोनों को साथ रहने की सलाह दी। इस दौरान त्रिगुणा के सामने छेड़छाड़ का मामला आया। उन्होंने संबंधित थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि वैधानिक कार्रवाई करें। त्रिगुणा ने कहा कि समाज में बदलाव के लिए न सिर्फ पुरुषों बल्कि महिलाओं को अपनी मानसिकता बदलनी होगी। एसपी ने कहा कि परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाली छात्रा को एक दिन का एसपी बनने का मौका दिया गया इससे पुलिस के प्रति जनता का नजरिया बदलेगा।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, व्यक्ति की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **घायल युवक की कई दिन बाद बरेली में मौत, शव का पोस्टमार्टम कराया**

**अमृत विचार:** कांट रोड पर पेपर मिल के सामने ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति को मेडिकल कालेज लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति की कई दिन बाद अस्पताल में मौत हो गयी।

कांट थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी निवासी 45 वर्षीय रामकिशोर सोमवार की शाम शहर में ई-रिक्शा खरीदने के लिए अपने साथी के साथ आया था। उसने एक एजेंसी से ई-रिक्शा खरीदा और अपने साथी से कहा कि ई-रिक्शा लेकर घर चलो। वह रात नौ बजे शहर से कांट बाइक से जा रहा था। कांट रोड पर पेपर मिल के सामने ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार रामकिशोर घायल हो गया। पुलिस और परिवार वाले मौके पर पहुंचे और घायल को मेडिकल कालेज लेकर आए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर पांच मई की रात में कटरा में सब्जी मंडी के सामने बरेली जा रहे ट्रक की चपेट में आकर तीन युवक घायल हो गए थे। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव नहरोसा निवासी उर्वेश सिंह की मौके पर मौत हो गयी थी।

# .जाको राखे साइयां, मार सके न कोय

संवाददाता, कलान

- **सड़क पार करते समय फिसल कर गिर गई वृद्ध, तभी सामने से आ गया ट्रक**
- **चालक ने फुर्ती दिखाते हुए लगाए ब्रेक, वृद्धा के नजदीक जाकर रुक गया ट्रक**

**अमृत विचार:** जाको राखे साइयां वाली कहावत मंगलवार साप्ताहिक बाजार में चरितार्थ हो गई। बाजार जाने को सड़क पार कर रही वृद्धा ट्रक की चपेट में आने से बाल-बाल बच गई।

मंगलवार शाम चार बजे नई बस्ती की 70 वर्षीय एक वृद्धा हाईवे पार कर रही थी, बीच सड़क पर पहुंचते ही वह अचानक फिसल कर गिर गई, इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार ट्रक आ गया, लोगों ने ट्रक को आते देख शोर मचाना शुरू कर दिया, इधर चालक ने भी फुर्ती दिखाते ब्रेक ले लिए, ट्रक वृद्धा के नजदीक जाकर रूक गया, जरा सी चूक होने पर वृद्धा की जान जा सकती थी, वृद्धा की जान बचने पर लोग यही कह रहे थे कि एक बार फिर यह कहावत चरितार्थ हो गई कि जाको राखे साइयां मार


ट्रक के सामने आई वृद्धा का उठाते लोग। • अमृत विचार

सके न कोय। बता दें कि नगर में साप्ताहिक बाजार होने के कारण भीड का आलम बना रहता है, वहीं स्टेट हाईवे मुरादाबाद फर्रुखाबाद पर ब्लॉक थाना रोड के सामने कुछ हटकर सब्जी का बाजार भी लगता है। इससे भी आवागमन बाधित हो रहा है, जबकि स्टेट हाईवे के दोनों तरफ चाट-पकौड़ी, फल इत्यादि के ठेले लगे रहते हैं, वहीं ई रिक्शा वाले भी दोनों तरफ हाईवे की पटरी पर अतिक्रमण कर लेते हैं। जिस वजह से पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

## सार-संक्षेप

### ट्रेनों का तीन मिनट का हो ठहराव

शाहजहांपुर, अमृत विचार : आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र यादव ने एसएस को पत्र लिखा है कि मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव दो मिनट का है। दो मिनट का ठहराव होने से यात्री ट्रेन में न चढ़ पाता है और न उतर पाता है। यात्री ट्रेन की चेन पुलिंग करते है। कुछ चलती ट्रेन में चढ़ते है और गिरकर घायल हो जाते है। उन्होंने अधिकारियों से मांग की है कि ट्रेनों का तीन मिनट का ठहराव किया जाए।

### बाइकों की भिड़ंत में बच्चों समेत पांच घायल

कलान, अमृत विचार : परौर थाना क्षेत्र के गांव कादराबाद निवासी ऋषिपाल कुबेरपुर ईट भट्टे से सोमवार की रात 9 बजे अपने घर बाइक से जा रहा था, वहीं गांव बर्खेमई निवासी रामाधार भी अपनी बाइक लेकर कुबेरपुर की तरफ आ रहा था ।दोनों की बाइकें आमने-सामने भिड़ गई, जिससे बाइक ऊपर सवार ऋषिपाल (55), महादेव (12 ), रामाधार( 35), बृजभान (60), अजब सिंह (5) घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां सभी की हालात गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### वाटर कूलर खराब , पेयजल को तरस रहे फरियादी

तिलहर। ब्लॉक के सभागार के पास फरियादियों के लिए शीतल जल पीने के लिए लगाए गए वाटर कूलर खराब होने से भीषण गर्मी में दूर दराज से आने वाले फरियादी पानी पीने के लिए तरस रहे हैं।

ब्लॉक सभागार में आए दिन मीटिंग व समाधान दिवस अन्य कार्यक्रम होते रहते हैं कई दिनों से खराब पड़े वाटर कूलर पर किसी भी अधिकारी और कर्मचारियों की नजर नहीं पड़ी है। सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में दूर दराज से आए फरियादी शीतल जल पीने के लिए बूंद बूंद को तरस रहे थे। खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त ने बताया वाटर कूलर खराब होने से शीतल जल नहीं आ रहा है। बहुत जल्द वाटर कूलर को सही कराया जाएगा।

# देवेंद्र फौजी को 10 वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **दहेलिया के प्रधान के घर साथियों के साथ मिलकर बोला था हमला, की थी फायरिंग**

**अमृत विचार:** पीलीभीत के थाना बीसलपुर के गांव पटनिया उर्फ परनिया निवासी कल्लू-नज्जू गिरोह के सदस्य देवेंद्र उर्फ फौजी को हत्या के प्रयास में दोषी पाते हुए कोर्ट ने 10 वर्ष के कारावास की सजा और अर्थदंड से दंडित किया है।

फौजी के खिलाफ थाना परौर के गांव दहेलिया निवासी प्रधान गिरंद सिंह ने चार अप्रैल 2000 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि फौजी ने उसके भाई बदन सिंह को आज से छह माह पूर्व कल्लू व नज्जू गिरोह ने अपहरण कर थाना मदनापुर के गांव महोनिया में हत्या कर दी थी। बदन सिंह का शव चचुआपुर की कटरी में मिला था। इस मामले में उसने कल्लू-नज्जू गिरोह के खिलाफ मदनापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, इसलिए गिरोह के सदस्य उससे व उसके परिवार से रंजिश मान रहे थे। चार अप्रैल 2000 को गिरंद व उसके चारों भाई, महिलाएं व बच्चे घर पर मौजूद थे, गांव मंझा निवासी साले जसवीर व भाई के साले थाना जलालाबाद के गांव पेना भुड़िया निवासी ओमेंद्र सिंह रिश्तेदारी में घर पर आए हुए थे। शाम सभी लोग खाना खाने को तैयार हुए तभी गिरोह के कल्लू निवासी पूरननगला, बचनू, कल्लू का भाई व नज्जू, महेश, दिनेश, खासदेव, बुल्लू, महेश, सुरेंद्र, देवेंद्र, भूरे व महावीर व अन्य तीन चार बदमाश दरवाजे पर आए और उसे वह उसके परिवार को गालियां देते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे, इसी दौरान गिरंद अपने भाइयों वीरपाल, सत्यपाल लाइसेंसी बंदूक, रायफल लेकर छत पर चढ़ गए और कोठरी की आड़ लेकर अपने बचाव में बदमाशों की तरफ फायर किए, गिरोह छत पर चढ़ने का प्रयास कर रहा था, फायरों की आवाज सुनकर गांव दहिलिया में लगी पुलिस की सुरक्षा गारद ने भी बदमाशों पर फायर किए, तब बदमाश अपने को घिरा समझकर भाग खड़े हुए। बदमाशों की ओर से किए गए फायरों से ओमेंद्र व जसवीर के छर्रे लगे।

पुलिस ने कल्लू , देवेंद्र आदि के खिलाफ मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के उपरांत न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 10 में मुकदमे की सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान व शासकीय अधिवक्ता श्रीपाल वर्मा के तर्को को सुनने के बाद पत्रावली का अवलोकन कर न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव ने अभियुक्त देवेंद्र उर्फ फौजी को हत्या का प्रयास में दोषी पाते हुए उसे 10 वर्ष के कारावास की सजा और सात हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# अस्पताल से मोबाइल चोरी, सीसीटीवी कैमरे में फुटेज कैद

**पुवायां, अमृत विचार :** राजीव चौक स्थित अस्पताल के ओपीडी कक्ष से एक युवक ने मोबाइल चोरी कर लिया। चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।


सीसीटीवी कैमरे में कैद चोरी का संदिग्ध युवक।

पीड़ित ने मामले की तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। लखीमपुर खीरी के गांव चठिया पोस्ट पिपरिया कप्तान निवासी साहिल खान ने बताया कि हेल्पलाइन अस्पताल में काम करता हैं। मंगलवार को अस्पताल में भंडारे का कार्यक्रम चल रहा था। इस बीच उसने अपना मोबाइल ओपीडी कक्ष में चार्जिंग पर लगाया था। भीड़भाड़ के बीच एक युवक अस्पताल में पहुंचा और मोबाइल चोरी कर चला गया।

# रिश्वत लेते महिला लेखपाल का वीडियो वायरल, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **चाय पानी के लिए सौ रुपये की रिश्वत लेते वीडियो बना**
- **नायब तहसीलदार को 15 दिन में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश**

**अमृत विचार:** रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने पर महिला लेखपाल को डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर ने निलंबित कर दिया। व

तहसील सदर क्षेत्र के गांव कपसेड़ा क्षेत्र में तैनात लेखपाल रंजना सक्सेना रिश्वत लेते हुए कैमरे में कैद हो गईं। जिसमें वह खसरा बनाने के बाद किसान से 100 रुपये मांग चाय-पानी के नाम पर कर रही है, वह कह रही है कि आप यह मान लो कि यह सौ रुपये आपने अपनी दीदी को चाय पानी के लिए दिए है।

रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसका संज्ञान लेते हुए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने एसडीएम सदर संजय कुमार पांडेय को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। जांच में प्रथम दृष्टतया दोषी पाए जाने पर लेखपाल को निलंबित कर दिया।

वीडियो में लेखपाल और किसान के बीच प्रधान को लेकर भी बातचीत हुई। रुपये लेने के बाद लेखपाल ने किसान से पूछा कि कहीं कैमरा तो नहीं चल रहा है। यह वीडियो संबंधित अधिकारियों तक पहुंच गया। एसडीएम सदर संजय पांडेय ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर लेखपाल रंजना सक्सेना को निलंबित किया गया है। इसकी जांच नायब तहसीलदार जमौर को सौंपी गई है। 15 दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। लेखपाल को सदर तहसील कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000


राहगीरों को शरबत और बूंदी वितरित करते संस्था के पदाधिकारी।


पुवायां में भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते लोग। • अमृत विचार


राहगीरों को शरबत पिलाते लोग। • अमृत विचार

# सब सुख लहै तुम्हारी सरना, तुम रच्छक काहु को डरना

## जेठ के पांचवें मंगलवार को हुए भंडारे, लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद, जगह-जगह शरबत का हुआ वितरण, गर्मी में मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जेठ के पांचवें मंगलवार को मंदिरों में सुंदरकांड और हनुमान चासीला के पाठ हुए और इसके बाद जगह-जगह भंडारा और शरबत वितरण का आयोजन किया गया। लोगों ने भंडारे में सब्जी-पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया, वहीं भीषण गर्मी में शरबत पीकर गला तर किया। भंडारे में सेवादार आने-जाने वालों को भक्तिभाव से प्रसाद ग्रहण करा रहे थे।

बड़े मंगल के पावन अवसर पर आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान की ओर से संकट मोचन हनुमान मंदिर में श्रद्धा, सेवा और समर्पण के साथ हवन-पूजन किया गया और इसके बाद राहगीरों, श्रद्धालुओं शरबत, फल एवं बुदी के प्रसाद का वितरण किया गया। शरबत वितरण में नीरज वाजपेयी, सोमेश्वर मिश्रा, अक्षय तिवारी, मीनाक्षी अग्निवेश, नलिनी ओमर, रम्मन गुप्ता, चाहत मिश्रा, रजनीश कुमार अवस्थी, पंडित वेणु गोपाल त्रिपाठी, अखिलेश सिंह, राजेश सक्सेना आदि का सहयोग रहा।

**पुवायां।** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार के दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में तमाम स्थानों पर भंडारों का आयोजन हुआ। जिसमें भक्तों ने कन्या पूजन के साथ प्रसाद वितरण कर भक्तों का आशीर्वाद लिया। ककरा कलां स्थित ई-बस स्टैंड पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सिटी बस संचालन पर्यवेक्षक सीपी पांडेय आदि का सहयोग रहा। रोडवेज बस स्टैंड के पास व्यापारियों की ओर शरबत वितरण का आयोजन किया गया। पुवायां रोड पर पुलिस लाइन गेट पर भंडारे में लोगों ने सब्जी पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। हुंडालखेल कच्चा कटरा स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें रामकृष्ण शुक्ला, पंकज शुक्ला, मनोज आदि का


हुंडालखेल कच्चा कटरा स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में सुंदरकांड पाठ करते हनुमान भक्त। • अमृत विचार

- भंडारे में सब्जी-पूड़ी आदि का किया गया वितरण
- सुंदरकांड और हनुमान चासीला का पाठ भी भक्तों ने किया

सहयोग रहा।

विधान परिषद सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता ने अपने अस्पताल के सामने पूड़ी, सब्जी व हलुआ प्रसाद रूप में वितरित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, धीरू खन्ना, कौशल मिश्रा, ब्लाक प्रमुख भानु प्रताप सिंह, विनीत मिश्रा, विनोद अवस्थी, डॉ. हरीश दीक्षित, कपिल गुप्ता, बण्डा व पुवायां इंस्पेक्टर, अवधेश दीक्षित, प्रवीण मिश्रा संटू, नामित दीक्षित, राजेश शुक्ला, निष्ठा भट्ट, अथर्व भट्ट, पिंकू भट्ट समेत तमाम प्रधान व सभासद मौजूद रहे।

लखपेड़ाबाग मार्केट, अन्नपूर्णा जलपान गृह के पास कन्यापूजन के साथ भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें तमाम भक्तों को पटका भेंट कर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान राजीव, गौतम, रामकुमार, केशव, विनायक, इशिका, आनंद, दिनेश, मुकेश, सुरजीत, राकेश, रमेश, गौरव, सन्नी, विनय समेत तमाम भक्तों ने प्रसाद वितरित कराया। इसके अलावा राजीव चौक स्थित हैपी किराना, दीपू किराना समेत बाजार मोड़, तिराहा बाजार, राजा मार्केट, शाहजहांपुर रोड पर तमाम लोगों ने प्रसाद वितरित कराया गया है।

### धर्मस्थलों पर भंडारा, राहगीरों को पिलाया शरबत

**खुटार।** ज्येष्ठ माह के पांचवे व अंतिम मंगलवार पर कई धर्मस्थलों पर भंडारा हुए। बगियानाथ मंदिर पर रोहित पाण्डेय, राहुल बाजपेई, अभिषेक, सुशील मिश्र ने मोहल्ला वालों के सहयोग से भंडारा का आयोजन कराया। भंडारा का श्रीगणेश पूर्व चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने कान्यभोज कराया। मुख्य बाजार में महेंद्र गुप्ता ने शरबत का प्याऊ लगाया। पुराने इफ्को खाद केंद्र के पास राजू कश्यप, विनोद आदि ने शरबत व हलुआ का वितरण किया। पूरनपुर रोड पर आशीर्वाद मैरिज हॉल के पास आशीष मिश्रा, सचिन मिश्र, सुनील वर्मा, सोनू वर्मा, शिवम वर्मा के सहयोग से सब्जी पूड़ी व हलुआ का भंडारा हुआ। गोला रोड पर स्थित बाबा गुलरहा नाथ मंदिर पर मंदिर के महंत राजदास जी महाराज ने मोहल्ला वालों के सहयोग से भंडारा कराया। मोहनपुर गांव में विश्व शक्ति दुर्ग ज्ञानपीठ के पास भंडारा कराया। मोहनपुर निवासी सेठ परिवार ने प्याऊ लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया। इसमें मोहनपुर निवासी अमित मिश्रा नीटू, विवेक मिश्र, रूपेश मिश्र और अभिषेक मिश्र की ओर से आयोजन हुआ। विपुल मिश्र, विशाल, प्रमोद वर्मा, आदि लोग सेवा करते रहे। पटवा वार्ड के लोगों ने कठिना नदी के तट पर स्थित बहलिया बाबा के स्थान पर भंडारा कराया। शालू, धीरू, नीरज, ब्रजेश राठौर, बबलू राठौर, रामस्वरूप गुप्ता, वेदू आदि भक्त लगातार सेवा करते रहे। खुटार पुवायां रोड पर नंदलाल पैलेस के पास डॉ. गौरव त्रिपाठी ने भंडारे का आयोजन कराया।


बगियानाथ मंदिर में भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते लोग। • अमृत विचार


पुलिस लाइन में भंडारे में सेवा करते एसपी राजेश द्विवेदी। • अमृत विचार

### नींबू पानी व शरबत का लगाया प्याऊ

**सिंधौली।** बड़े मंगल और अत्यधिक गर्मी को ध्यान में रखते हुए ठेली पर परचून की सेल करने वाले रामू प्रजापति ने क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से जीएम पब्लिक स्कूल के सामने नींबू पानी व शरबत का प्याऊ लगाया। स्टेट हाईवे से गुजर रहे ग्रामीणों व राहगीरों को शरबत पिलाया। आयोजन में मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी, मोहित तिवारी, गोलू तिवारी का भी सहयोग रहा। इस मौके पर पातीराम प्रजापति, मोहित प्रजापति, रोहित प्रजापति, अंशिका प्रजापति, अनामिका प्रजापति मौजूद रहे। बजाज एजेंसी के पास कुलदीप गुप्ता, बृजेश गुप्ता ने भी प्याऊ लगाकर बड़े मंगल पर पुण्य कमाया। मनू पालेसर के पास लगे प्याऊ में विपिन अग्निहोत्री, संजीव अग्निहोत्री आदि का सहयोग रहा।

### मंदिरों में भक्तों की भीड़, जगह-जगह हुए भंडारे

**कुर्रिया कला।** ज्येष्ठ माह के मंगलवार को लोगों की आस्था गांव से शहर तक सड़क पर उमड़ी दिखी। भीषण गर्मी और तपती दोपहरी में गुजर रहे राहगीरों को शरबत पिलाने के साथ ही गुड़, चना व छोले-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। कई स्थानों पर आयोजित भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जलालाबाद कांट रोड पर स्थित जशनपुर के गांव के पास हनुमान के मंदिर पर कुलदीप तिवारी, दीपू की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सीपू तिवारी, संजीव अवस्थी, देवेंद्र मिश्रा आदि भक्तों का योगदान रहा।

### पुलिस लाइन में भंडारे का आयोजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** बड़े मंगल के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में भण्डारे का आयोजन किया गया। एसपी राजेश द्विवेदी ने पूजा अर्चना की और प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान भण्डारे का आयोजन किया गया। पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों, उनके बच्चों और आम लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर एएसपी ग्रामीण, एएसपी सिटी, सीओ सिटी, सीओ सदर, सीओ लाइन, प्रतिसार निरीक्षक आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### भंडारे के साथ किया शरबत वितरण

**सेहरामऊ दक्षिणी।** लखनऊ पलिया नेशनल हाईवे स्थित रौरा चौराहा पर जय बाबा कालसेन सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार तिवारी उर्फ सोनू ने ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले पांचवें बड़े मंगल पर अपने सदस्यों के साथ मिलकर भंडारे के साथ शरबत वितरण का आयोजन किया। भंडारे में राहगीरों को चावल और कढ़ी की सब्जी का प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस मौके पर जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष भरत कुमार सिंह, जगदेव शर्मा धर्मेन्द्र गुप्ता, सोमू गुप्ता, सुरेश कुमार, देशराज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बच्चों ने की मस्ती, कैंप के समापन पर प्रमाण पत्र वितरित

**पुवायां, अमृत विचार:** क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में 20 दिन से चल रहे समर कैम्प का समापन हुआ। जिसमें बच्चों ने मस्ती की, उन्हें प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

मंगलवार को अंतिम दिन पर कम्पोजिट विद्यालय पुवायां द्वितीय व जूनियर हाईस्कूल जेवां में अध्यापिका उषा द्विवेदी व पल्लवी वर्मा ने बच्चों ने मेहंदी प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता समेत कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसके बाद उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान अध्यापक अश्वनी अवस्थी समेत अन्य विद्यालय कर्मी मौजूद रहे।


जल संचय पर बनाया गया पोस्टर दिखाता दिव्यांग छात्र केशव। • अमृत विचार

Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

## समर कैंप का हुआ समापन, पुरस्कृत किए गए बच्चे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों में चले समर कैंप का मंगलवार को समापन हो गया। विद्यालयों में आयोजन कर और कैंप के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। जिले में 21 मई से 10 जून तक कैंप आयोजित किये गये थे। पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज में समर कैंप के समापन पर डीआईओएस हरिवंश कुमार ने प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।

समर कैंप में विद्यालय के अध्ययनरत छात्रों ने प्रतिभाग कर योग, व्यायाम, उपयोगी जीवन कौशलों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन पर छात्रों ने शहीद संग्राहलय का भ्रमण, मुख्य डाकघर के पोस्ट मास्टर सुरेन्द्र सिंह द्वारा दी गई जानकारियों, मॉटी कला, लोक नृत्य आदि अनुभवों को साझा किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक प्रेम शंकर सक्सेना, संजय शंकर मिश्रा, सुरेन्द्र पाल, राजीव श्रीवास्तव, महेन्द्र कुमार आदि का सहयोग


कांट जीआईसी में प्रमाण पत्र के साथ छात्राएं। • अमृत विचार

- कैंप के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने का अनुभव किया साझा

रहा है। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने छात्रों को पुरस्कृत किया।

कांट स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज में छात्र छात्राओं ने समर कैंप के अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर शिक्षक मनीराम, सुरेंद्र पाल सिंह, पंकज कुमार, सत्येंद्र कुमार, संजय कुमार, पवन कुमार राजपूत, अवनीश कुमार गंगवार, संतोष कुमार और सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में विविध गतविधियों में सक्रिय प्रतिभागिता वाले छात्र छात्राओं को प्रधानाचार्य संजय कुमार मौर्य ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर परिचारक रूपलाल, रेशमा और अंकित भी उपस्थित रहे।


समर कैंप समापन पर छात्रों को प्रमाण पत्र देते डीआईओएस हरिवंश कुमार।

### कैंप का समापन, बच्चों ने दिखाया हुनर

**शाहजहांपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय शहबाजनगर में 21 मई से 10 जून तक चलने वाले ग्रीष्मकालीन समर कैंप का समापन किया गया। प्रधान महेश चंद्र गौतम ने बच्चों द्वारा तैयार की गई सामग्री की प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रधान ने कहा कि यहां के बच्चों ने जो मिट्टी के खिलौने, वाल हैंगिंग, पर्यावरण बचाओ और सेव एनर्जी जैसे चार्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम को सराहनीय बताया। शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष रवींद्र पाल प्रजापति ने कहा कि समर कैंप में बच्चों द्वारा तैयार की गई विभिन्न प्रकार की सामग्री काबिले तारीफ है। कैंप में भाग लेने वाले सभी बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। संचालन गजाला परवीन और अर्शी खानम ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विद्यालय की इंचार्ज अध्यापिका शबाना रहमान, मो वासिफ हुसैन, रामआसरे, चमेली देवी, लक्ष्मी देवी, लालाराम और अभिभावकगण भी उपस्थित रहे।



### कम्प्यूटर और सेल्फ डिफेंस का लिया प्रशिक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज में सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण के साथ समर कैंप का समापन हुआ। प्रधानाचार्य ब्यूटी ने बताया कि 21 दिन चल रहे समर कैंप में छात्राओं को कंप्यूटर में एमएस ऑफिस सहित करियर से जुड़ी जानकारी दी गई। इस अवसर पर मीना व अंजुम ने छात्रों को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अभिभावक प्रमुख अनुराधा की उपस्थिति रही।

## अमृत विचार आपके साथ....

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।

ईमेल :budaun@amritvichar.com

## एक नजर

### 16 जून को आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य

**बदायूं, अमृत विचार :** 16 जून को राज्य महिला आयोग की सदस्य जिले में रहेगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने बताया कि 16 जून उप्र राज्य महिला आयोग सदस्य अवनी सिंह आएगी। लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में उनके द्वारा पीड़ित महिलाओं की जनसुनवाई की जाएगी। इसके बाद उनके द्वारा जिला कारागार में महिला बन्दी से वार्ता करेंगी। साथ ही उनके द्वारा चिन्हित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया जाएगा।

### छुट्टा पशुओं से परेशानी

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर से लेकर देहात तक लोग छुट्टा पशुओं से परेशान है। इन पशुओं के कारण आए दिन हादसे हो रहे है। यहां तक की लोगों की जान तक चली जाती है।

# ईंट भट्ठा संचालक जीएसटी में नहीं करा रहे पंजीकरण

## जिले में 220 ईंट भट्टा है संचालित, मात्र 45 ने कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 40 लाख से कम बिक्री दिखाकर कर रहे जीएसटी की चोरी
- कर चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में विभाग

**अमृत विचार :** ईंट भट्ठा संचालक सरकार को चूना लगा रहे हैं। वह घाटा दर्शा कर टैक्स चोरी कर रहे है। ईंट भट्ठा संचालकों के राज्य कर चोरी किए जाने का मामला शासन तक पहुंच चुका है। शासन से कार्रवाई करने के आदेश मिलने पर राज्य कर विभाग कर चोरी करने वाले ईंट भट्ठा संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। सूची तैयार की जा रही है। विश्लेषण करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

जिले में 220 ईंट भट्ठा संचालित हैं। इनमें से कुल 45 ईंट भट्ठा संचालकों ने ही जीएसटी विभाग में पंजीकरण कराया गया है। शेष का पंजीकरण भी नहीं है। जीएसटी विभाग में पंजीकृत ईंट भट्ठा संचालक टैक्स से बचने के लिए व्यवसाय में घाटा बता रहे हैं, जबकि वह हर साल लाखों का टर्नओवर कर रहे है। राज्य भरने के लिए ईंट भट्ठा आय 40 लाख होनी चाहिए, लेकिन संचालक टैक्स से बचने के लिए घाटा दर्शाते हैं। राज्य कर विभाग को बताया जाता है कि उनकी सालाना आय 40 लाख से भी कम है। ईंट भट्ठा संचालकों के द्वारा टैक्स की चोरी किए जाने का मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचा है। इस पर मुख्यमंत्री ने गंभीरता दिखाते हुए टैक्स की चोरी करने वाले ईंट भट्ठा संचालकों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं। कहा है कि टैक्स जमा न करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री से मिले निर्देश पर राज्य कर विभाग सक्रिय हो गया है। अधिकारी उन सभी ईंट भट्ठों की सूची तैयार कर रहा है। जिन्होंने जीएसटी विभाग में अभी तक पंजीकरण नहीं किया है। साथ पंजीकरण वाले ईंट भट्ठा की सूची तैयार हो रही है। इसका विश्लेषण करने किया जाएगा। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

> ईंट भट्ठा संचालक व्यवसाय में घाटा बता कर टैक्स की चोरी करते हैं। ईंट भट्ठा संचालकों के द्वारा टैक्स चोरी किए जाने का मामला शासन तक पहुंच चुका है। कार्रवाई किए जाने के निर्देश हैं। कर चोरी और पंजीकरण न कराने वाले ईंट भट्ठा की सूची तैयार कराई जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। **-केके गुप्ता,** राज्य कर संयुक्त आयुक्त

### ईंट भट्ठा संचालक ऐसे करते हैं खेल

अक्टूबर माह में ईंट भट्ठा शुरू होने के बाद इनमें ईंट पकाई का काम अगले साल जून माह तक चलता है। एक ईंट भट्ठे पर न्यूनतम 10 लाख ईंट का उत्पादन हर माह होता है। कई ईंट भट्ठा ऐसे भी हैं जिन पर 15 लाख से भी अधिक ईंट का उत्पादन किया जाता है। हर साल एक ईंट भट्ठा पर करीब 35 से 40 लाख ईंट का उत्पादन होता है। ईंट की बिक्री का बाजार भाव औसतन छह से सात हजार रुपये है। देखा जाए वार्षिक टर्नओवर करीब दो से ढाई से तीन करोड़ रहता है। इसके बाद भी ईंट भट्ठा संचालक व्यवसाय में घाटा बताकर टैक्स की चोरी कर रहे हैं।

# बड़े मंगलवार को बालाजी महाराज का किया भव्य श्रृंगार

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या चार सिरासौल रोड स्थित श्री संकट मोचन दरबार में ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगलवार को भक्तों ने बालाजी महाराज का भव्य श्रृंगार कर विशेष चोला चढ़ाया। इसके बाद यहां बाबा के भक्तों ने पूजा-अर्चना की। दरबार के प्रधान महंत पंडित संजय शर्मा और भक्तों ने बाबा को सवामनी प्रसाद का भोग लगाया। कन्याओं को सहभोज कराया गया। इसके बाद भंडारा शुरू किया गया।

इसमें सैकड़ों लोगों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कुसुम शर्मा, मुकेश सक्सेना, आलोक सक्सेना, शिवांक शर्मा, शिवम शर्मा, अनुराग माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, देवकी नन्दन, मनोज कुमार, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। इधर, तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी-खौंसारा स्थित बलदेव धाम पर आचार्य ललित शर्मा और भक्तों ने बालाजी महाराज का भव्य श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरण किया। आचार्य ने कहा कि जो भी भक्त ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को बाबा पर श्रद्धा के साथ चोला चढ़ाता है बाबा उसकी सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। यहां सुंदरकांड का पाठ भी किया गया।

# बुखार के 350, हेपेटाइटिस के 119 मरीज पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल में प्रतिदिन बढ़ रही मरीजों की संख्या

**अमृत विचार :** बुखार से पीड़ित सैकड़ों मरीज प्रतिदिन जिला अस्पताल में दवा लेने आ रहे हैं। मंगलवार को करीब 350 से अधिक मरीजों ने बुखार की दवा ली, जबकि 119 मरीजों को हेपेटाइटिस की दवा दी गई।

सुबह नौ बजे के बाद ओपीडी में पहुंचे मरीजों को डॉक्टरों की कुर्सी खाली मिलने से काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। इसके बाद मरीजों की संख्या बढ़ने लगी। डॉक्टरों के पहुंचते ही मरीजों ने धक्का मुक्की शुरू कर दी। गर्मी के चलते बुखार ने भी अपने पैर पसार लिए हैं। सुबह से मरीजों की भीड़ बेकाबू रही। जिला अस्पतालकर्मियों की माने तो चारों ओपीडी में करीब 350 से अधिक बुखार के मरीजों ने दवा ली। बुखार के तीन मरीजों को भर्ती किया गया। इनमें सात मरीज श्वास के थे। गर्मी तेज होने से श्वास के मरीजों की संख्या में कमी आई है, लेकिन बुखार के मरीजों की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है।


ओपीडी से बाहर लाइन में लगे मरीज। ● अमृत विचार

### मरीजों की संख्या अधिक होने से सभी बेड फुल

मंगलवार को मेडिकल वार्ड में मरीजों की संख्या अधिक रहने से सभी बेड फुल रहे। वार्ड में छोटे ऑक्सीजन सिलेंडर रखे गए हैं। इनसे श्वास रोगियों को ऑक्सीजन दी जा रही है। जिला अस्पताल में अभी तक हीटवेव का एक भी मरीज भर्ती नहीं किया गया है। हीटवेव वार्ड खाली है। उसमें अन्य मरीज भर्ती नहीं किए जा रहे हैं। हीटवेव के मरीज भर्ती करने को दस बेड का वार्ड तैयार किया गया है।

मंगलवार को हेपेटाइटिस के मरीज देखे जाते हैं। इसलिए हेपेटाइटिस के मरीजों की संख्या भी 119 से अधिक रही। कुछ मरीज देर से पहुंचे उन्हे भी दवा दी गई। फिजिशियन डॉ. एसएम कमल ने बताया कि हेपेटाइटिस के मरीज मंगलवार और शुक्रवार को देखे जाते हैं।

कुछ अधिक मरीज आए जिससे दो बजे तक ओपीडी में लाइन लगी रही। बताया कि इनमें अधिकांश मरीज पुराने थे, जबकि कुछ मरीज नए हैं। जिन मरीजों की जांच कराई गई है उनको हेपेटाइटिस की पुष्टि होने के बाद ही दवा दी गई है। बताया कि हेपेटाइटिस के मरीजों को साफ सफाई के साथ रहने को कहा जाता है।

इसके साथ ही ताजा भोजन लेने की हिदायत दी जाती है। फिर भी देहात के मरीज लापरवाही बरत रहे हैं उन्हें ठीक करने में अधिक समय लगता है। उन्हें जागरुक भी किया जा रहा है।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा आज, घाटों पर तैनात रहेंगे मजिस्ट्रेट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अधिकारी ने गंगा घाटों पर दिए साफ सफाई करने के आदेश

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ पूर्णिमा बुधवार को मनाई जाएगी। जिले के विभिन्न गंगा घाटों पर भारी संख्या में लोग स्नान करने के लिए जुटेंगे। गंगा स्नान के लिए भारी संख्या में आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए डीएम अवनीश राय ने घाटों पर मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं। साथ ही पुलिस, स्वास्थ्य, नगर निकाय व अन्य विभागीय अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

कछला गंगा घाट पर तहसीलदार सदर दीपक कुमार, उपजिलाधिकारी न्यायिक बिल्सी विनोद कुमार सिंह के अलावा कछला गंगा घाट कासगंज की ओर तहसीलदार बिल्सी रविन्द्र प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी न्यायिक दातागंज विजय कुमार मिश्र को तैनात किया गया है। कछला पुल पर जिला खान अधिकारी, खंड विकास अधिकारी उझानी सर्वज्ञ अग्रवाल को तैनात किया गया है। वहीं थाना सहसवान के सुकर्रा गंगा घाट पर तहसीलदार सहसवान शर्मानन्द, मालपुर घाट पर नायब तहसीलदार अनंगराज सिंह, थाना उसहैत के अटैना घाट पर खण्ड विकास अधिकारी उसावां मनीष कुमार वर्मा, भुण्डी घाट पर तहसीलदार दातागंज सुरेंद्र कुमार, थाना दातागंज के बेलाडांडी घाट पर नायाब तहसीलदार दातागंज सतीश चंद्र मिश्र, नगरिया खनु रामगंगा घाट पर नायब तहसीलदार आनंद भूषण सिंह, नौनी टिकन्ना रामगंगा रामघाट पर खंड विकास अधिकारी दातागंज वीरेन्द्र राम तथा हजरतपुर पुल रामगंगा घाट पर नायब तहसीलदार दातागंज छविराम की ड्यूटी लगाई गई है।

# बुजुर्ग महिला की मौत, बेटी ने भाई पर लगाया आरोप

**बदायूं, अमृत विचार :** महिला की मौत पर बेटियों ने अपने भाई और भाभी पर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार महिला की मौत बीमारी से हुई थी।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के कस्बा शेखूपुर निवासी शहनाज (65) पत्नी फरीद की सोमवार देर शाम मौत हो गई। सूचना मिलने पर उनकी चार बेटियां घर पहुंच गईं। महिला की सबसे छोटी बेटी नौसीन ने बताया कि उनका बड़ा भाई मां के साथ मारपीट करता था। भाभी ने भाई पर दहेज के लिए उत्पीड़न करने का दवाब बनाया था। मां की मौत के दौरान भाई भी घर पर नहीं था। भाभी भी शव घर पर छोड़कर चली गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मंगलवार को पैनल से महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया।

# मसालों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** फूड प्वाइजनिंग से 30 बरातियों की हालत बिगड़ने का मामला उछलने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की नींद टूटी। घटना घटित होने के 48 घंटे बाद विभागीय अधिकारियों ने मसालों की बिक्री करने वाले प्रतिष्ठान पर पहुंचकर सैंपल लिए। टीम ने एक मसाले और दो पनीर के सैंपल लिए हैं। इसे जांच के लिए भेजे हैं।

कस्बा उझानी की आशाराम मिशन कंपाउंड स्थित महाराजा अग्रसेन श्रवण कुमार अग्रवाल धर्मशाला में बीते रविवार की रात खाना खाने के बाद 30 बरातियों की हालत बिगड़ गई। इसमें कुछ छोटे बच्चे भी शामिल थे। बरातियों को निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर सोमवार की सुबह उनकी छुट्टी कर दी गई। दूल्हे के पिता का कहना था कि हलवाई ने घटिया क्वालिटी का पनीर बनाया था। इसमें एक्सपायरी डेट के मसाले इस्तेमाल किए गए थे। इस वजह से बरातियों की तबीयत खराब हुई थी। फूड प्वाइजनिंग की घटना होने के बाद कुछ लोगों ने खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचना दी गई। लेकिन अधिकारियों ने तहसील दिवस में होने का हवाला देते हुए उनकी बात को अनसुना कर दिया। यह प्रकरण मीडिया में उछलने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग हरकत में आया। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को बाजार में पहुंचकर जिस दुकानदार से हलवाई ने मसाले खरीद थे वहां से मसाले का एक सैंपल लिया। साथ ही जिस स्थान से पनीर खरीदा गया वहां से दो पनीर के सैंपल लिए। सभी सैंपल को जांच के लिए लैब में भेजा है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जानकारी होने के 48 घंटे बाद कार्रवाई किए जाने को लेकर उनकी मंसा पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि बाजार में घटिया खाद्य सामग्री की बिक्री हो रही है। जो दुकानदार घटिया खाद्य सामग्री की बिक्री कर रहे हैं उन्हें खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। यही कारण है कि बाजार में बिक रहे घटिया सामग्री के खाद्य पदार्थ की रोकथाम पर खाद्य सुरक्षा विभाग अंकुश नहीं लगा पा रहा है।



प्रतिष्ठान से पनीर का सैंपल लेते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी।

- विवाह समारोह में फूड प्वाइजनिंग होने से 30 लोग हुए थे बीमार
- 48 घंटे बाद खाद्य सुरक्षा विभाग को हुई जानकारी तो भेजी टीम

> टीम सोमवार भी धर्मशाला पहुंची थी, लेकिन दुकानदार की जानकारी नहीं मिल सकी जहां से मसाले खरीदे गए थे। देर शाम दुकानदार की पहचान की गई। टीम ने उस दुकान पर पहुंचकर मसाले के सैंपल लिए हैं। साथ ही पनीर का भी सैंपल लिया है। जांच के लिए लैब भेजा है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी। **– सीएल यादव,** खाद्य सहायक आयुक्त द्वितीय

# एडीओ पंचायत के खिलाफ सफाईकर्मियों ने खोला मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर 16 जून को धरना प्रदर्शन करने की दी जानकारी

**अमृत विचार :** उच्चाधिकारियों की बेरुखी से तंग आकर सफाईकर्मियों ने एडीओ पंचायत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उत्पीड़न कर रहे एडीओ पंचायत के खिलाफ सफाईकर्मी 16 जून से विकास भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसमें सभी ब्लॉकों के सफाई कर्मी एकत्रित होंगे। यह जानकारी देते हुए सफाई कर्मचारी संघ की ओर से डीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर विरोध प्रदर्शन के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर वह अनशन शुरू कर देंगे।

सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि दहगवां एडीओ पंचायत सत्ता पक्ष के नेताओं का सहयोग प्राप्त है। इसमें पंचायती राज अधिकारी भी एडीओ पंचायत का साथ दे रहे हैं। सत्ता पक्ष के नेताओं का सिर पर हाथ होने की वजह से दहगवां एडीओ पंचायत के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। इस वजह से एडीओ की मनमानी लगातार बढ़ती जा रही है। एडीओ पंचायत आर्थिक लाभ के लिए सफाई कर्मियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। वेतन में से पांच प्रतिशत धनराशि न देने पर सफाई कर्मियों का मानसिक शोषण किया जा रहा है। एडीओ पंचायत द्वेष भावना के चलते ही सफाई कर्मियों का वेतन रोकने की कार्रवाई के साथ उन्हें निलंबित करने की संस्तुति तथा कारण बताओ नोटिस जारी कर रहे हैं।

इसकी शिकायत डीएम, आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री, सीडीओ आदि से की गई। लेकिन सत्ता पक्ष के नेताओं के दबाव की वजह से एडीओ पंचायत के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी। ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह ने दर्जनों सफाई कर्मियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें 16 जून को विकास भवन परिसर में धरना प्रदर्शन किए जाने की सूचना दी।

साथ ही कहा कि धरना प्रदर्शन के बाद भी कार्रवाई नहीं होती है तो विरोध प्रदर्शन अनशन में बदल जाएगा, जो कार्रवाई न होने तक जारी रहेगा।

# नवजातों की मौत पर आप ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** एसएनसीयू वार्ड में पांच नवजातों की मौत के मामले में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिला महिला अस्पताल में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। डीएम को ज्ञापन सौंपकर नवजातों की मौत के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

जिला महिला अस्पताल में 7 जून को पांच नवजातों की एसएनसीयू वार्ड में मौत हो गई थी। मंगलवार को आम आदमी पार्टी ने सीएमओ कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष भूदेव सिंह ने कहा कि ऐसे मामले लापरवाही के चलते होते हैं। यह घटना न केवल परिवारों के लिए एक बड़ा आघात है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को भी उजागर करती है। इन नवजातों की स्थिति बेहद गंभीर थी। उन्हें वेंटीलेटर की आवश्यकता थी, लेकिन अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध नहीं होना शर्मनाक है। उन्होंने मांग की कि अस्पतालों में वेंटिलेटर की व्यवस्था तत्काल की जाए। स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। कहा कि यदि एक माह के अंदर वेंटिलेटर की व्यवस्था नहीं की गई तो पार्टी आंदोलन करेगी। प्रदर्शन करने वालों में दिनेश सिंह राठौर, आरिफ, जरीना बेगम, तारिक मिर्जा, मिलन अमन, पुष्पेन्द्र सिंह, अशोक सिसोदिया, इसरार, राकेश सोलंकी आदि लोग मौजूद रहे।



सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी।

- वेंटीलेटर की व्यवस्था न होने पर दी आंदोलन करने की चेतावनी

# लखनऊ से पहुंचे डॉक्टर ने वार्ड का लिया जायजा

- एसएनसीयू वार्ड में पांच नवजातों की मौत का मामला

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में पांच नवजात शिशुओं की मौत की सूचना पर मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग लखनऊ से डॉ. मिलिंद कंसलटेंट पहुंचे। उन्होंने महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड को देखा। यहां मौजूद स्टाफ से बात की।

नवजातों को दिए जाने वाले उपचार और उपाय के बारे में पूछताछ की। शिशुओं की मौत का कारण पूछा। जिस पर डॉ. कुमार विशु ने बताया कि सभी शिशु कम समय के थे। उनका वजन भी कम था। दो शिशुओं के फेफड़े विकसित नहीं हुए थे, जबकि दो को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। एक नवजात सीएचसी से रेफर होकर आया था वह भी कम समय का था इसलिए शिशुओं की मौत हो गई। कम समय के शिशु नहीं बच पाते हैं। डॉ. मिलिंद ने अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं से बात की। सीएमएस डॉ. इंदु कांत वर्मा ने कहा कि वह आज अवकाश पर हैं। उन्हें टीम के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# ठेकेदार की टूटी नींद, हुसैनपुर में टूटी सड़क की कराई मरम्मत

**खबर का असर**

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** सालारपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव हुसैनपुर में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन डालने को खोदी गई सड़क नहीं बनने से ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया था। इस समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद ठेकेदार ने गांव में टूटी सड़कों को ठीक करना शुरू कर दिया है। इससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

गांव में लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व जन जीवन मिशन के तहत घर घर जल पहुंचाने को सड़क खोद कर पाइपलाइन डाली गई थी। पाइप लाइन डाल कर काम बंद कर दिया गया। सड़कें टूटी होने से लोगों को परेशानी होने लगी। इस समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद ठेकेदार ने सड़क की मरम्मत करानी शुरू कर दी।


खोदी गई सड़क के गड्ढे भरते मजदूर।

- टैग- खोदी गई सड़क नहीं बनने से ग्रामीणों ने किया था प्रदर्शन
- इस समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से किया था प्रकाशित

# कादर चौक में शरबत वितरण किया

**कादर चौक, अमृत विचार :** मंगलवार को कस्बा कादर चौक की श्याम मार्केट में लोगों ने भारी गर्मी को देखते हुए राहगीरों को शरबत वितरण किया।

दूर दराज से आए ग्रामवासियों ने शरबत पीकर गर्मी से राहत महसूस की। लोगों ने गाड़ियां रोक कर सभी राहगीरों को शरबत पिलाया। लोगों ने कहा कि गर्मी में शरबत या पानी पिलाना पुण्य का काम है। इस तरह के आयोजनों से लोगों में धर्म के प्रति रुझान बढ़ता है। इस मौके पर श्याम सुंदर उपाध्याय, हेमेंद्र कुमार, विकास गुप्ता, सोनू गुप्ता, वन्टू सर्राफ, सुरेश यादव, मनवीर सिंह, अमित जौहरी आदि लोग मौजूद रहे।

सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा, बरेली
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025–26
स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. Home Science B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. Home Science M.A. Home Science M.A. Drawing & Painting
D. Pharma COLLEGE CODE : 2143/3059 B.El.Ed. D.El.Ed.(BTC) B.Ed.
Contact No.
9412287776, 9412288876
9412288878, 9457507777
चेयरमैन -
डा. हरीशंकर गंगवार
9412287777



Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## शहर में आज

- श्रीराम कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा का आयोजन मानपुर नगरिया में किया जाएगा, 9 बजे से
- विद्युत कर्मचारियों के द्वारा विद्युत कार्यालय पर निजीकरण के विरुद्ध धरना दिया जाएगा, 2 बजे से
- प्रभु पार्क पर गणेश मंदिर में भजन कीर्तन व पूजन कार्यक्रम का आयोजन होगा, शाम 7 बजे से
- सोरोंजी हरि की पौड़ी पर सांध्य आरती और सांध्य फेरी का आयोजन होगा, शाम 6 :30 बजे से

## एक नजर

### दो तस्कर पकड़े, 2 किलो 33 ग्राम चरस बरामद

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम नखी सिंधवा पुलिया के पास से दो आरोपियों को बाइक के साथ पकड़ा। तलाशी में उनके पास से 2 किलो 33 ग्राम चरस बरामद की गई है। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग दो लाख आंकी गई है। इसके साथ ही उनके पास से दो मोबाइल भी बरामद किए गए। आरोपियों ने अपने नाम नरवीर यादव एवं पूरन निवासी ग्राम गढ़िया रंगीन जनपद शाहजहांपुर बताया है। आरोपियों ने बताया हम लोग यह चरस लखीमपुर बॉर्डर से खरीद कर लाते हैं। वहां पर चलते फिरते लोगों से हम लोग चरस कम दामों में खरीद लेते हैं। चरस को हम लोग नेशनल हाईवे पर चलते-फिरते ट्रक एवं बस चालकों को बेचकर मुनाफा कमाते हैं। पकड़ी गई बाइक नरवीर की है, उसे चरस खरीदने और बेचने में प्रयोग करते हैं। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

### हत्या की घटना में वांछित पांच आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** सोरोंजी के ग्राम चंडौस निवासी कविता पचौरी पत्नी अशोक के द्वारा उसके पुत्र पुष्पेन्द्र की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मृत्यु होने की घटना के सम्बन्ध में 8 नवंबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले में वांछित आरोपी राजकुमार, अंकित, सरोज, अंजली व सचिन निवासी ग्राम चंडौस को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आला कत्ल तमंचा, 17 कारतूस, दो खोखा बरामद किए गए। थाना प्रभारी जगदीशचंद्र ने बताया कि आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# हर-हर गंगे के जयकारों से गूंजे गंगा के घाट

## भोर की किरण के साथ ही हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी



सोरोंजी हरि की पौड़ी पर गंगा स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



कादरगंज गंगा घाट पर गंगा स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- श्रद्धालुओं के अतिरिक्त वाहनों की आवा जाही से जगह जगह रहे जाम के हालात

**अमृत विचार:** मंगलवार को जिले भर में ज्येष्ठ शुदी पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। हर हर गंगे के जयकारों से गंगा घाट गूंजने लगे।

भोर की पहली किरण के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कर बच्चों का मुंडन संस्कार कराया। श्रद्धालुओं के अतिरिक्त वाहनों के चलते जगह जगह जाम के हालात रहे। यातायात पुलिस कर्मियों को यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए पसीना बहाना पड़ा।

इस बार ज्येष्ठ शुदी पूर्णिमा का पर्व दो दिन मनाया जा रहा है। अधिकांश लोगों ने मंगलवार को पूर्णिमा पर्व पर आस्था की डुबकी लगाई। गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

भोर की पहली किरण के साथ ही श्रद्धालुओ ने हर हर गंगे के जयकारों के साथ आस्था की डुबकी लगाई। घाट पर हवन पूजन किया। बच्चों का मुंडन संस्कार कराया। गंगा माता मंदिर पुजारी कालीचरण माफीदार ने बताया इस बार ज्येष्ठ शुदी पूर्णिमा पर्व पंचांग के हिसाब से बुधवार को मनाया जाएगा, लेकिन अधिकांश लोगों ने पर्व मंगलवार को भी मनाया है। दो दिन के पर्व को श्रद्धालुओं में असमंजस की स्थिति रही। उधर पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं के अतिरिक्त वाहनों की आवाजाही को लेकर मथुरा बरेली मार्ग पर जाम के हालात रहे। यातायात पुलिस कर्मियों को जाम खुलवाने के लिए पसीना बहाना पड़ा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मां के नाम किया पौधरोपण

**कासगंज, अमृत विचार :** भाजपा द्वारा मां के नाम पौधा रोपण कार्यक्रम जिले के सभी मंडलों पर कार्यक्रताओं के द्वारा चलाया जा रहा है। कार्यकम को लेकर शक्ति केंद्र संयोजक और प्रभारी भी लगे हुए है। मंगलवार को नगर के गंगेश्वर कॉलोनी मे मधुबन एंटरप्राइजेज शक्ति केंद्र गंगेश्वर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया।

पंचायत प्रकोष्ठ के संयोजक प्रदीप चौहान, जिला मंत्री रामनिवास राजपूत, नगर अध्यक्ष मयंक वैश्य, रणवीर सिंह, हरी सिंह बघेल ने कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पांच पौधे रोपित किए गए। रामनिवास रहपूत ने कहा कि मनुष्य को अब आने वाली पीढ़ी के जीवन संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी है। इसलिए पौधारोपण जरूर करें। इस दौरान हरिसिंह बघेल, अलोक कुशवाह, रवि राजपूत, रणवीर सिंह, रवि राजपूत, संजय गुप्ता, विजय यादव, तेजवीर पुंडीर, इंद्रपाल, मनीष राजपूत मौजूद रहे।

# अधिवक्ता परिषद ने मनाया हिंदू साम्राज्य दिवस



छत्रपति शिवाजी के चित्र पर माल्यार्पण कर हिंदू साम्राज्य दिवस मनाया।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- छत्रपति शिवाजी को किया नमन गोष्ठी का किया आयोजन

**अमृत विचार:** अधिवक्ता परिषद व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वाल्मीकि बस्ती के संयुक्त तत्वावधान में हिंदू साम्राज्य दिवस मनाया गया। छत्रपति शिवाजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वहीं गोष्ठी का आयोजन एडीजीसी संदीप मिश्रा के आवास पर किया गया।

मुख्य वक्ता संरक्षक अधिवक्ता परिषद डीजीसी क्राइम संजीव सिंह यदुवंशी ने कहा कि ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी को महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी द्वारा औरंगजेब के अत्याचारों के बीच हिंदवी स्वराज की स्थापना की गई। गोष्ठी को सिविल बार अध्यक्ष शत्रुंजय गुप्ता, कासगंज बार अध्यक्ष गिरजाशंकर दुबे ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता जनपद न्यायालय इकाई अध्यक्ष नंदकिशोर पाथरे ने की। गोष्ठी का संचालन डीजीसी सिविल राजीव वशिष्ठ ने किया। इस दौरान राजीव वशिष्ठ, संदीप मिश्रा, रामनिवास राजपूत, राहुल शर्मा, पीयूष वार्ष्णेय, विश्वनाथ, जितेश कुमार, रोहित सक्सेना, शालू, दिग्विजय सोलंकी, अंकित अग्रवाल, महेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार गुप्ता, शशिकांत पचौरी एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने कोतवाली परिसर में किया पौधरोपण



पधारोपण करते विधायक राजीव कुमार सिंह व एसएसपी डा. ब्रजेश कुमार सिंह।

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक राजीव कुमार सिंह और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने कोतवाली पहुंचकर जीर्णोद्धार एवं उद्घाटन के साथ पौधारोपण भी किया। थाना क्षेत्र के गांवों के चौकीदारों को दंड रक्षक, साफा व टार्च देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि योगी सरकार ने संगठित अपराध को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। कहीं भी कोई अपराधी दिखाई नहीं दे रहा है। एसएसपी डॉ.बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि शासन की मंशानुरूप थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी को सम्मान देकर उसकी समस्या को सुना जाए और त्वरित न्याय भी मिलना चाहिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी कृष्ण कुमार तिवारी, प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई, उप जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय कुमार सिंह, अनूप गुप्ता समाजसेवी, धर्मेन्द्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि केसी शाक्य, दिनेश कुमार सिंह, तेजपाल सागर, देवेश तोमर, हेमचन्द्र गौतम, वीर सिंह, भावेश प्रताप सिंह, ओम प्रताप सिंह, राहुल कुमार लोधी, सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, राज कश्यप, नरेश पाल, अंशुल सागर, दिनेश चन्द्र गुप्ता राजेश मैथिल आदि उपस्थित रहे।

# समर कैंप में बच्चों से जिला अधिकारी ने किया संवाद

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय भिटौना में संचालित समर कैंप समापन समारोह मंगलवार को डीएम मेधा रूपम अध्यक्षता में हुआ।

गर्मी की छुट्टियों में विद्यालयों में शिक्षा को उत्सव का रूप देते हुए बच्चों ने समर कैंप में चित्रकला, कहानी लेखन, योग, विज्ञान गतिविधियां आदि की निर्देशिका के अन्तर्गत गणितीय खेल, शाब्दिक सवाल, कहानी ट्रेन, लोकगीत, नाट्य प्रस्तुति, पर्यावरण विषयक जागरूकता एवं जीवन कौशल पर आधारित कार्यक्रमों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समापन समारोह में डीएम मेधा रूपम ने भिटौना के स्कूल में बच्चों के लिए संचालित गतिविधियों को देखा और बच्चों से संवाद किया। उन्होंने इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक नवाचार बताते हुए शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय शिक्षा से आगे सोचने, समझने और अभिव्यक्त करने के अवसर प्रदान करना है। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी राजकुमार आदि मौजूद रहे।



बच्चों के द्वारा बनाई गई रंगोली का अवलोकन करतीं डीएम मेधा रूपम।

### समर कैंप कार्यक्रम का किया समापन

**पटियाली, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय प्यारमपुर लगाए गए समर कैंप का मंगलवार को समापन हो गया। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश चौधरी ने बच्चों एवं अभिभावकों के साथ बैठक कर समर कैंप कार्यक्रम पर व्यापक चर्चा की। बच्चों एवं अभिभावकों ने अपने अनुभव साझा किए। समर कैंप बच्चों के लिए लाभान्वित एवं मनोरंजन पूर्ण रहा। इस कार्यक्रम के दौरान दलपत सिंह, अध्यक्ष राम दयाल, जगदीश, ब्रजेश कुमार, सावित्री देवी, कमला देवी, मोहर सिंह, महा श्वेता, किताब सिंह, भारत सिंह प्रधान, मनोज कुमार एवं हाकिम सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### समर कैंप के समापन बच्चों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**गंजडुंडवारा, अमृत विचार :** ब्लाक क्षेत्र के गांव बमनपुरा के पीएम श्री विद्यालय में आयोजित ग्रीष्मकालीन समर कैंप का समापन एक भव्य कार्यक्रम के साथ हुआ। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी शशिकांत यादव ने समर कैंप में बच्चों द्वारा सीखी गई गतिविधियों का अवलोकन किया तथा उनसे संवाद किया। कैंप के दौरान योग, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला, नृत्य, संगीत तथा पौधों के औषधीय गुणों पर आधारित सत्र आयोजित किए गए। बच्चों को पौधों का पर्यावरण संरक्षण के योगदान की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रधानाध्यापक संतोष राठौर, शिक्षिक अनीता पाल आदि मौजूद रहीं।

### छात्र-छात्राओं ने समर कैंप में योग, खेलकूद और अन्य गतिविधियां सीखी

**सोरोंजी, अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय दौकेली विकास क्षेत्र सोरोंजी समर कैंप के अंतिम दिवस पर समापन समारोह मनाया गया। समर कैंप में बच्चों ने योग तथा व्यायाम, खेलकूद, साइबर सुरक्षा, किचन गार्डन, वृक्षारोपण, लोक नृत्य, गायन आदि को जाना। अभिभावकों ने समर कैंप की सराहना की। इस दौरान आयोजक इंचार्ज प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, संचालक रेखा शाक्य, जलधारा, दीपक कुमार आदि शामिल रहे।

# सुंदरकांड का पाठ कर कराया भंडारा, पहुंचे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** श्री दुर्गा मंदिर पर ज्येष्ठ माह के अन्तिम बड़े मंगलवार को संगीतमय सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया। समिति अध्यक्ष विनय कुमार कश्यप ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। कन्या भोज कर भंडारा कराया।

मंगलवार को मंदिर के पुजारी वैभव पाराशर ने बड़े मंगल के महत्व को बताते हुए कहा विशेष रूप इस दिन हनुमान जी की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन हनुमान जी को प्रसन्न करने से भक्तों को सुख, शांति, और समृद्धि प्राप्त होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, ज्येष्ठ माह के मंगलवार को भगवान श्रीराम और हनुमान जी का मिलन हुआ था, इसलिए इस दिन को विशेष रूप से शुभ माना जाता है। समिति सचिव पुनीत कुमार कश्यप ने कहा कि मान्यता है कि इस दिन हनुमान जी को बूढ़ा वानर के रूप में पूजा जाता है। क्योंकि इस दिन हनुमान जी ने भीम का घमंड तोड़ा था। ज्येष्ठ माह के मंगलवार को विशेष रूप से हनुमान जी की पूजा करने से मंगल दोष दूर होता है। साथ ही नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति मिलती है।

इस अवसर पर निखिल गुप्ता, योगेन्द्र सागर, बसन्त कुमार पटवा, तेजपाल कश्यप, अभिषेक कुमार कश्यप, अजय कुमार, चेतन कश्यप, सन्दीप कश्यप, प्रशांत राठौर, बिक्की देवल, दीपक कश्यप, पुष्पा देवी कश्यप, छाया कश्यप, मीरा शर्मा, रमा देवी आदि सदस्य उपस्थित रहे।



भंडारे में कन्याओं को भोज कराते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### 84 घंटा हनुमान मंदिर पर मनाया बड़ा मंगल



**बदायूं, अमृत विचार :** सर्राफा बाजार स्थित 84 घंटा हनुमान मंदिर पर जेष्ठ माह के अंतिम बड़ा मंगल को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। शाम को महाआरती की गई। वहीं मंदिर प्रबंधन की ओर से राहगीरों में शरबत का वितरण किया। भक्तों ने जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारे लगाए। इससे वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर के पुजारी सुधीर मिश्रा ने बताया- भगवान श्री राम के अनन्य एवं परम भक्त कलयुग के जागृत देव हैं श्री हनुमान हैं। उनकी कृपा से भक्तों के रोग-शोक नष्ट हो जाते हैं। अंतिम बडा मंगल पर हनुमान जी का सिंदूर एवं चमेली के तेल का चोला चढ़ाया गया। नवीन वस्त्र आभूषण धारण कराए गए। उनका भव्य श्रृंगार किया गया। इस मौके पर सौरभ रस्तोगी, प्रदीप पटवा, राम गोपाल देवल, कन्हैया मिश्रा, दीपक वैश्य, प्रशांत रस्तोगी, आलोक वैश्य, राजकुमार सिंह सेंगर आदि उपस्थित रहे।

# नगरिया में श्री रामकथा का आयोजन आज से

**सोरोंजी, अमृत विचार :** नगरिया में श्रीराम कथा की तैयारियां जोरों पर चल रही है। श्रीराम कथा सेवा मण्डल के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने श्रीराम कथा की तैयारियां को अंतिम रूप दे दिया है। नगरिया में होने जा रही श्रीराम कथा बुधवार से प्रारंभ होकर 10 जून तक इसका आयोजन जाएगा।

श्रीराम कथा का गुणगान पंडित राघव भारद्वाज के द्वारा किया जाएगा। कथा का समय सायं 3 बजे से 6 बजे स्थान मनकामेश्वर मंदिर नगरिया रहेगा। यह जानकारी धर्मयात्रा महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजीव बरबारिया ने दी। उन्होंने बताया कि कथा के प्रथम दिवस सुबह 9 बजे से कलश यात्रा पूरे नगरिया क्षेत्र में भ्रमण करेगी। उसके उपरांत कलशयात्रा कछला गंगाजी जल भरने के लिए कछला के लिए रवाना होगी। जहां भक्त गंगाजी से जल भरेंगे तथा वहीं पूजन आदि करेंगे।

# योग सप्ताह को लेकर की समीक्षा बैठक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** डीएम मेधा रूपम ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित ग्यारहवें योग दिवस व योग सप्ताह की तैयारियों को लेकर बैठक की। 15 जून से 21 जून तक अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह मनाया जाएगा। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। 15 जून को श्री गणेश इंटर कॉलेज में योग सप्ताह का शुभारंभ होगा और 21 जून को पुलिस लाइन्स में सुबह 5 से 7 बजे योग दिवस पर सामूहिक योग का कार्यक्रम होगा।

डीएम ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 15 से 21 जून तक एक सप्ताह को योग सप्ताह के रूप में मनाए जाने से संबंधित सभी तैयारियों व गतिविधियों की समीक्षा की। संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग इस संबंध में अपने-अपने विभाग से संबंधित माइक्रो प्लान तैयार कर योग सप्ताह को वृहद स्तर पर सफल बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इसमें जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति भी रहेगी। इसके प्रति लोगों को उत्साहित एवं प्रेरित किया जाए। इससे लोग योगाभ्यास को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए निरंतर योग्य अभ्यास करें और अपना जीवन स्वस्थ एवं सुखी बनाएं।



योग दिवस व योग सप्ताह के संबंध में समीक्षा बैठक करतीं डीएम मेधारूपम।

- 15 से 21 तक मनाया जाएगा योग सप्ताह
- हर तहसील और ब्लॉक पर होंगे कार्यक्रम

विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों प्रशिक्षित योग ट्रेनर के सहयोग से सभी तहसील, ब्लॉक, ब्लाक, ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समितियों द्वारा योग सप्ताह के अन्तर्गत चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय, व्यावसायिक शिक्षा महाविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के मध्य योग से संबंधित सेमिनार, कार्यशाला, संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, आशुभाषण प्रतियोगिता एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। योग कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागी सफेद ड्रेस पहनें। कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी प्वाइंट बनाये जाए। अधिकारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। जनसामान्य को योगाभ्यास कराने के बाद आयुष कवच एप पर अपलोड भी कराया जाना है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन, अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल सहित विभिन्न अधिकारी व गायत्री परिवार उपस्थित रहे।

# बसपा की समीक्षा बैठक में पार्टी की मजबूती पर दिया जोर



बसपा की बैठक में शामिल होने पहुंचे बसपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**कासगंज, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें पार्टी की मजबूती पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी मुख्य मंडल कोऑर्डिनेटर नौशाद अली, मुख्य मंडल प्रभारी अलीगढ़ मंडल विक्रम सिंह, मुख्य मंडल प्रभारी पूर्व राज्य मंत्री राजवीर सिंह, मुख्य मंडल प्रभारी अलीगढ़ मंडल अनिल बघेल ने दिशा निर्देश दिए। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामवीर सिंह ने किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष खालिद नदीम ने किया।

# विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

संवाददाता, सिढ़पुरा

**अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के श्री गांधी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज फतेहपुर में तीन सप्ताह से चल रहे समर कैंप का मंगलवार को समापन हो गया। संयोजक तरुण पांडेय, सह संयोजक गौरव सिंह पांडेय के निर्देशन में चले समर कैंप में समापन समारोह में मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया और प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। योग व अन्य गतिविधियों का लगातार अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गंगा प्रसाद पांडे, विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति उपाध्यक्ष रजनीकांत शर्मा, उपप्रबंधक सुधीर भारद्वाज, भृगुनाथ सिंह एवं प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक तरुण पांडे ने किया। योग्यता आधारित उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संयुक्त रूप प्रथम स्थान हासिल करने वाले अभय तिवारी एवं दीप्ति, द्वितीय स्थान के प्रशांत और आंशिक तथा तृतीय स्थान के आदित्य एवं गरिमा को पुरस्कार वितरित किए गए।



समर कैंप के समापन पर मिले प्रमाण पत्रों को दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

वहीं विद्यालय स्तर पर बोर्ड परीक्षा के इंटरमीडिएट में 86.80 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण प्रथम स्थान पर रही सुहानी, 85 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहे उत्कर्ष गुप्ता एवं 80.60 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं रजनी को पुरस्कृत किया गया। हाईस्कूल में 81.50 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहे प्रियांश, 79.83 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे साहिल एवं 79.16 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान पर रहे अंकित को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति अध्यक्ष एडवोके आलोक तिवारी, प्रबंधक एडवोकेट आशुतोष भारद्वाज, मनमोहन गुप्ता, कमलापति त्रिपाठी, मोनू सिंह, रामकुमार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

- समर कैंप का समापन, योग अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया

# आत्महत्या को उकसाने के आरोपी को नहीं मिली जमानत

**कासगंज, अमृत विचार :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय से आत्महत्या को उकसाने के आरोपी को जमानत नहीं मिली। न्यायालय उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी।

अमांपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी वीर सहाय ने 19 अप्रैल को अमापुर थाना पुलिस को तहरीर प्रस्तुत कर आरोप लगाया कि उसका पुत्र किशन लाल 14 अप्रैल को खेत से घर की तरफ जा रहा था। इस दौरान पीछे से मोटरसाइकिल पर पवन कुमार निवासी स्टेट बैंक वाली गली थाना अमापुर अपने साथियों संग आया और उसके पुत्र किशन लाल को घेर कर लाठी-डडों आदि से बुरी तरह मारा मारा पीटा। अगले दिन किशन लाल का शव पेड़ पर लटका मिला उसके पैर जमीन पर टिके हुए थे। आरोप है कि आरोपियों ने उसके पुत्र किशन लाल की हत्या कर घटना को आत्महत्या दर्शाने की नियत से शव को पेड़ से लटका दिया। आरोपी पवन कुमार ने अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में जमानत की याचना करते हुए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। उसे घटना में झूठा फंसाया जाना बताया। जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव सिंह यदुवंशी ने प्रार्थना पत्र का विरोध किया। प्रकरण में दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामेश्वर ने पवन कुमार का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

